ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

## जनसंपर्क कार्यालय
## PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### हिंदी विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने जीती चैंपियन ट्रॉफी
### प्रतियोगिताओं ने स्वर्ण व रजत पदक किये हासिल

**वर्धा, 21 नवंबर 2025 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के 21 महाराष्ट्र बटालियन एनसीसी के कैडेट्स ने बापूराव देशमुख इंजीनियरिंग कॉलेज, सेवाग्राम में आयोजित सी.ए.टी.सी-605 वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 11–20 नवंबर में शानदार सफलता हासिल की। कैडेट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्वर्ण व रजत पदक जीतकर और चैंपियन ट्रॉफी प्राप्त कर विश्वविद्यालय का सम्मान







बढ़ाया। कुल 30 कैडेट्स शिविर में शामिल हुए, एनसीसी यूनिट के मार्गदर्शन हेतु विश्वविद्यालय की ओर से लेफ्टिनेंट अनिकेत अनिल आंबेकर, ए.एन.ओ., परेड इंस्ट्रक्टर आकाश मंडले, तथा सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रीति खोड़े ने निरंतर सहयोग व निर्देशन दिया। कैम्प में कैडेट्स को सैन्य व व्यक्तित्व विकास से संबंधित गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। जिसका कैडेट्स ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल की। बी-कंपनी ने चैंपियन ट्रॉफी जीती। नेतृत्व: सीनियर अंडर ऑफिसर हर्ष गुप्ता, रंगोली में कैडेट अमृता कुमारी (स्वर्ण), क्विज़ में कैडेट संध्या कुमारी, पूनम, गौरव (स्वर्ण), ड्राइंग में कैडेट अमृता कुमारी (स्वर्ण), राइटिंग में कैडेट मनीष कुमार पांडेय (रजत), पायलट में कैडेट ब्यूटी कुमारी (रजत), नृत्य में कैडेट परिधि कुमारी, अमृता कुमारी, संगीत/गायन में कैडेट संजय कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

समापन दिवस पर कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल जिसान्तौ के, सूबेदार विनोद कुमार और हवलदार विशाल खुने ने कैडेट्स को मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अधिकारियों ने कैडेट्स के अनुशासन, टीमवर्क और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। इस सफलता पर की कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा तथा कुलसचिव श्री क़ादर नवाज़ खान ने कैडेट्स, ए.एन.ओ. डॉ. अनिकेत अनिल आंबेकर, परेड प्रशिक्षक आकाश मंडले, एवं डॉ. प्रीति खोड़े को बधाई दी। कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि कैडेट्स की लगन, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है तथा यह आने वाले कैडेट्स को प्रेरित करेगी।

---

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305